# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांक : RMPSU/क्रीड़ा/2026/184 दिनांक :10 /02/2026

**विषय : अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली द्वारा आर्म रेसलिंग(पुरुष व महिला)प्रतियोगिता के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय को दायित्व प्रदान किए जाने तथा स्पॉन्सरशिप प्राप्त करने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025–26 के अंतर्गत दिनांक 11 मार्च से 15 मार्च 2026 में आयोजित की जाने वाली आर्म रेसलिंग (All India Inter-University Arm Wrestling) प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को प्रदान किया गया है।

उक्त प्रतियोगिता के सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं। इस क्रम में प्रतियोगिता के आयोजन से संबंधित व्यय, व्यवस्थाओं, खिलाड़ियों की सुविधाओं, तकनीकी संसाधनों एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, उद्योगों (Industries), कॉर्पोरेट संस्थानों एवं अन्य इच्छुक प्रायोजकों (Sponsors) से स्पॉन्सरशिप / आर्थिक सहयोग प्राप्त किया जाना आवश्यक है।

अतः इच्छुक संस्थाएं प्रतियोगिता के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय की ओर से डॉ शाहनवाज खान,सचिव क्रीड़ा परिषद, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ (9410424911) से संपर्क कर स्पॉन्सरशिप प्रदान करने की कार्यवाही कि जा सकती है, ताकि आयोजन को उच्च स्तर पर सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

यह सूचना विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

10-2-26

**(प्रबुद्ध सिंह)**
**कुलसचिव**
**राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय**
**अलीगढ़**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :**

1. कुलपति महोदय, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, संबंधित महाविद्यालय, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. सचिव, क्रीड़ा परिषद, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
4. वित्त अधिकारी, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
5. प्रभारी , वेबसाईट को इस आशय से प्रेषित कि इस पत्र को वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करे |
6. संबंधित फाइल।

10-2-26

**कुलसचिव**